कर्नाटक सरकार
बल्लारी पूर्व वलय
तृतीय भाषा हिंदी

हिंदी वल्लरी

PASSING PACKAGE

दसवीं कक्षा - हिन्दी

2020-21ನೇ ಸಾಲಿನಲ್ಲಿ ಕಲಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಹಿಂದುಳಿದ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಿಗಾಗಿ ಪಾಸಿಂಗ್ ಪ್ಯಾಕೇಜ್ (ಗದ್ಯ, ಪದ್ಯ, ಪೂರಕ ಅಧ್ಯಯನ, ವ್ಯಾಕರಣ ಮತ್ತು ರಚನಾ ವಿಭಾಗದಿಂದ ಆಯ್ದ ಸಂಭವನೀಯ ಪ್ರಶ್ನೆಗಳು ಮತ್ತು ಉತ್ತರಗಳು)

SHREELAKSHMI.T
https://shreelakshmit.blogspot.com/

पाठ १. मातृभूमि

* इन प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए|

१. भारत माता के हाथों में क्या-क्या है ?

भारत माता के एक हाथ में ज्ञानदीप, और दूसरे हाथ में न्याय पताका है।

२. मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है स्पष्ट कीजिए |

मातृभूमि अमरों की जननी है | उसके हृदय में गांधी बुद्ध और राम समाहित है| माँ के एक हाथ में न्याय पताका, दूसरे हाथ में ज्ञान दीप है| इस प्रकार मातृभूमि का स्वरूप सुशोभित है|

३. भारत माँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए |

भारत माता के खेत हरे-भरे हैं| भारत के वन- उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं| भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है| भारत माँ सुख-संपत्ति, धन-धाम को मुक्त हस्त से बांट रही है|

४. भारत माता को अमरों की जननी क्यों कहते हैं ?

भारत माता के आंचल में गांधी, बुध्द और राम जैसे महान व्यक्तियों का जन्म हुआ है।
इसलिए भारत माता को अमरों की जननी कहते हैं।

५. मातृभूमि कविता के अंतिम पंक्तियों में कवि की अभिलाषा क्या है ? (अथवा)
कवि भारतमाता से क्या निवेदन करते हैं ?

मातृभूमि कविता के कवि श्री भगवतीचरण वर्मा जी भारत माता से निवेदन करते है, कि-

- हे माँ न्याय और ज्ञान की सहायता से भारत की कीर्ति को सारे विश्व में फैला दो।
- सारे नगर और ग्रामों में जय हिंद का नारा गूंज उठे।
- भारत के स्वरूप को बदल दो।
- इस कार्य के लिए हे मां आज कोटि-कोटि भारतवासी आपके साथ है।

पाठ २. कश्मीरी सेब

* इन प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्य में लिखिए|

1. कश्मीरी सेब पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

कश्मीरी सेब पाठ से यह सीख मिलती है कि – * खरीदारी करते समय सावधान रहना चाहिए।
* नहीं तो धोखा खाने की संभावना हो सकती है, इसलिए सचेत रहना चाहिए।

2. आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है?

आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के बारे में विचार किया जाता है|

3. सेब के हालत के बारे में लिखिए?

लेखक ने सुबह नाश्ता करने के लिए सेब निकाला, तो

- पहला सेब सड़ा हुआ था|

- दूसरा सेब एक रुपए के आकार में चिल्का गल गया था|

- तीसरा सेब निकाला तो वहां आधा सड़ा हुआ था |
- चौथा सेब निकाला तो वह तो देखने में अच्छा था मगर उसमें एक काला सुराख था|
- इस तरह एक सेब भी खाने लायक नहीं था|

4. दुकानदार ने लेखक से क्या कहा?

दुकानदार ने लेखक से कहा कि -बाबूजी बड़े मजेदार सेब आए हैं| खास कश्मीर के, आप ले जाएं, खाकर तबीयत खुश हो जाएगी |

5. दुकानदार ने अपने नौकर से क्या कहा?

दुकानदार ने अपने नौकर से कहां- सुनो, आधा सेर कश्मीरी सेब लाना, चुन-चुन कर लाना|

पाठ ३. गिल्लू

* प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :-

1. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या-क्या करता था?

लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू लेखिका के पैरों तक आकर सर से पर्दे पर चढ जाता, और फिर उसी तेजी से उतरता था | उसका यह कार्य तब तक चलता, जब तक लेखिका गिल्लू को पकड़ने के लिए नहीं उठती |

2. लेखिका को गिलहरी किस स्थिति में दिखाई पड़ी?

लेखिका को गिलहरी गमले और दीवार की संधि में छिपी पड़ी थी | काकद्वयों की चोंचों के घावों से आहत था | इसलिए वह निश्चेस्ट सा गमले से छिपी पड़ी थी |

3. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाए ?

* गिल्लू पर काकद्वयों की चोंचों का प्रहार हुआ था |
* लेखिका ने उसे होल से उठाकर अपने कमरे में ले गई ।
* रुई से रक्त पोंछकर , उस पर पेंन्सिलिन का मरहम लगाया |
* कई घंटों के उपचार के उपरांत उसके मुंह में एक बूंद पानी टपकाया जा सका |

4. गिल्लू ने लेखिका की गैर हाजिरी में दिन कैसे बिताई ?

गिल्लू ने लेखिका के गैर हाजरी में जब कोई उसके कमरे का दरवाजा खोलता तो, गिल्लू अपने झूले से उतरकर दौड़ता, और किसी दूसरों को देखकर उसी तेजी से अपने घोंसले में जा बैठता | अपना प्रिय खाद्य भी बहुत कम खाता था | गिल्लू इसी प्रकार अपना दिन बिताता था |

5. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए।

जब गिल्लू घायल हुआ तब उस पर रूई से रक्त पोंछकर पेन्सिलिन का मरहम लगाया। रहने के

लिए झूला बनाकर उसे गिल्लू नाम से पुकारा। गिल्लू को खाने के लिए काजू तथा बिस्कुट दिया, थाली में से एक - एक चावल उठाकर खाने को सिखाया। अन्य गिलहरियों के साथ खेलने के लिए व्यवस्था की, गिल्लू के अंतिम दिनों में उसे बचाने की पूरी कोशिश भी की और उसकी मृत्यु के बाद समाधि भी बनायी गयी। इस प्रकार महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू के प्रति अपनी ममता को दर्शाया है।

पाठ ४ अभिनव मनुष्य

* इन प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए|

1. आज मनुष्य का यान कहां जा रहा है ?
आज मनुष्य का यान गगन में जा रहा है।

* इन प्रश्नों का दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए |

1. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है? (अथवा)
दिनकर जी ने मनुष्य को क्या संदेश दिया है?
दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय इस प्रकार है कि-
* मनुष्य बुद्धि पक्ष से अधिक हृदय पक्ष को महत्व देना चाहिए |
* मानव – मानव के बीच प्रेम का रिश्ता जोड़ना चाहिए।
* आपसी दूरी को मिटाना चाहिए |
* सभी मानव मानव से स्नेह का बांध बांधना चाहिए ।

2. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजई पुरुष आसीन'- इस पंक्ति का आशय समझाइए (अथवा)
दिनकर जी ने आधुनिक मानव के भौतिक साधना का वर्णन कैसे किया है ?
प्रकृति पर सर्वत्र है विजई पुरुष आसीन- इस पंक्ति का आशय यह है कि –
* आज मनुष प्रकृति के हर तत्व पर विजय पाया है।
* प्रकृति में पानी, पवन, विद्युत पर मनुष्य ने अपना विजय पाया है |
* आज मनुष नदी, सिंधु और पर्वत को एक समान लांघ सकता है।
* आज मनुष्य का यान गगन में जा रहा है।

पाठ 5 मेरा बचपन

* इन प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए|

१. रामेश्वरम किस कारण से प्रसिद्ध है ?
रामेश्वरम में प्रसिद्ध रामेश्वर शिव मंदिर होने के कारण एक तीर्थ स्थान के रूप में प्रसिद्ध है।

२. अब्दुल कलाम जी का जन्म कहाँ हुआ ?
अब्दुल कलाम जी का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ |

* इन प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्य में दीजिए|

१. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या - क्या देती थी ?
* आशियम्मा जी अब्दुल कलाम के सामने केले का पत्ता बिचाती थी |
* और फिर उस पर चावल एवं सुगंधित स्वादिष्ट सांभर देती थी |

* साथ में घर का बना अचार और नारियल की ताजी चटनी भी देती थी |

२. कलाम जी का बचपन बड़ी निश्चिंतता और सादगी में बीता कैसे ?

* कलाम के पिता आडंबरहीन व्यक्ति थे ।
* सभी अनावश्यक ऐशो - आराम वाली चीजों से दूर रहते थे,
* पर घर में सभी आवश्यक चीजें समुचित मात्रा में सुलभता से उपलब्ध थी |
* इसलिए अब्दुल कलाम जी का बचपन बहुत ही निश्चिंत और सादगी में बीता ।

३. शम्सुद्दीन अखबारों के वितरण का कार्य कैसे करते थे ?

* शम्सुद्दीन रामेश्वरम में अखबारों के एकमात्र वितरक थे |
* अखबार एजेंसी को अकेले शम्सुद्दीन ही चलाते थे |
* अखबार रामेश्वरम स्टेशन पर सुबह की ट्रेन से पहुंचती थी | पामबन से आती थी ।
* रामेश्वरम में अखबारों की जुमला 1000 प्रतियां बिकती थी |
* इस तरह वे अखबार के वितरण का कार्य करते थे |

४. जैनुलाब्दीन के व्यक्तित्व के बारे में लिखिए ।

* जैनुलाब्दीन एक आडंबरहीन व्यक्ति थे ।
* वे बहुत ही उदार और सरल व्यक्ति थे ।
* वे बड़े धर्म सहिष्णु और बुद्धिमान व्यक्ति थे ।
* उनको आदर्श दंपति के रूप में देखा जाता था ।

५. अब्दुल कलाम और अहमद जलालुद्दीन किन-किन विषयों के बारे में चर्चा करते थे ? (अथवा)
जलालुद्दीन ने अब्दुलकलाम को सीमित दायरे से कैसे बाहर निकाला ? (अथवा)
जलालुद्दीन के बारे में लिखिए ।

* अहमद जलालुद्दीन सारे मोहल्ले में अंग्रेजी पढ़ने वाले अकेले व्यक्ति थे ।
* वे कलाम के अंतरंग मित्र बन गए थे ।
* जलालुद्दीन शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में चर्चा करते थे ।
* जलालुद्दीन ने अब्दुलकलाम को सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया था।

पाठ 6. बसंत की सच्चाई

* इन प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए|

1. बसंत का भाई का नाम क्या है ?
बसंत का भाई का नाम प्रताप है।

2. बसंत क्या-क्या बेचता था ?
बसंत दियासलाई, बटन और चलनी बेचता था ।

3. पंडित राजकिशोर क्या काम करते थे ?

पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे।

4. बसंत और प्रताप कहां रहते थे ?

बसंत और प्रताप भीखू आहिर के घर में रहते थे।

5. पंडित राजकिशोर के अनुसार बसंत में निहित दुर्लभ गुण क्या है ?

पंडित राजकिशोर के अनुसार बसंत में निहित दुर्लभ गुण उसकी ईमानदारी /प्रामाणिकता है।

* इन प्रश्नों का उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए |

1. बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का था कैसे ?

* बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का था |
* वह मेहनत से पैसा कमाना चाहता था |
* इसलिए पंडित राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार कर दिया |
* जब वह नोट भुनाने गया, तब लौटते समय मोटर के नीचे आ गया और बुरी तरह से घायल हो गया |
* फिर भी वह अपने भाई प्रताप को बाकि के पैसे लौटाने के लिए राजकिशोर के घर भेजता है |

इससे पता चलता है कि बसंत ईमानदार लड़का है |

2. पंडित राजकिशोर के मानवीय व्यवहारों का परिचय दीजिए |

* पंडित राजकिशोर मजदूरों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले व्यक्ति थे |
* गरीबों के प्रति सहानुभूति दिखानेवाले व्यक्ति थे |
* बसंत को सहायता करने की दृष्टि से वह उससे सामान खरीदते हैं।
* प्रताप से बसंत की मोटर दुर्घटना के बारे में पता चलते ही उसके घर पहुंचते हैं, और डॉक्टर को बुलाते हैं डॉक्टर की सलाह पर अस्पताल पहुंचाने का प्रबंध करते हैं
* दोनों भाइयों को सांत्वना देते है | इससे राजकिशोर की मानवीयता का परिचय प्राप्त कर सकते हैं |

3. प्रताप राजकिशोर के घर क्यों गया था ?

* बसंत बाजार में नोट भुनाने गया था।
* लौटते समय मोटर दुर्घटना में उसके पैर कुचले गए और बेहोश हो गया।
* जब उसे होश आया तो अपने भाई प्रताप के हाथ में बाकी के पैसे साढे चौदह आने (14.50 आने) राजकिशोर को देने के लिए भेजा था।

पाठ 7. तुलसी के दोहे

* इन प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए|

1. तुलसीदास जी के अनुसार हंस का गुण कैसे होता है ? (अथवा)

संत का गुण कैसे होता है ?

हंस पक्षी दूध में निहित पानी को छोड़कर केवल दूध को पीता है।
संत का गुण भी हंस पक्षी के जैसे होना चाहिए।

2. तुलसीदास जी के बचपन का नाम क्या है ?

तुलसीदास जी के बचपन का नाम रामबोला है।

* इन प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्य में दीजिए|

१. तुलसीदास जी के अनुसार आंतरिक और बाह्य शुद्धि कैसे होती है ?

* दीप को घर के द्वार पर रखने से घर के भीतर और बाहर प्रकाश फैलता है।

* उसी प्रकार राम नाम को जपने से शरीर के अंदर और बाहर दोनो तरफ प्रकाश फैलता है।
और आंतरिक तथा बाह्य शुद्धी भी होती है।

(अथवा) एक अंक हो तो.....

राम नाम की स्मरण करने से आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है।

* निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए |

१. तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक |
साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ||

भावार्थ :- प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास जी कहते हैं कि- मनुष्य पर जब भी विपति पड़ती है। तब विद्या, विनय और विवेक ही उसका साथ निभाते हैं | जो राम पर भरोसा करते हैं, वे साहसी, सुसत्यव्रत और सुकृतवान बनते हैं | इस प्रकार तुलसीदास जी ने संदेश दिया है।

२. राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार |
तुलसी भीतर बाहीरै जो चाहसी उजीयार ||

भावार्था :- प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास जी कहते हैं कि- जिस प्राकार दीप को घर के दहलीज़ पर रखने से घर के भीतर और बाहर प्रकाश फैलता है। उसी प्रकार राम नाम को जपने से शरीर के अंदर और बाहर दोनो तरफ प्रकाश फैलता है।

३. मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक |
पालै पोसै सकल अंग तुलसी सहित विवेक ||

भावार्था :- मुखिया को मुख के समान होना चाहिए | वह खाने-पीने का काम अकेले करता है | लेकिन शरीर के सभी अंगो का पालन पोषण करता है | मुखिया भी उसी प्रकार सभी लोगों की सेवा करनी चाहिए |

४. दया धर्म का मूल है. पाप मूल अभिमान |
तुलसी दया न छाडीए है जब लग घट में प्राण ||

भावार्था :- तुलसीदास जी कहते हैं कि दया धर्म का मूल है| और अभिमान पाप का | इसलिए जब तक शरीर में प्राण है तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़ कर दयालु बने रहना चाहिए|

५. जड चेतन गुण दोषमय. विश्व कीन्ह करतार।
संत हंस गुण गहही पय, परिहरी वारि विकार ॥

भावार्था :- तुलसीदास जी कहते हैं कि, सृष्टिकर्ता ने इस संसार को जड़, चेतन और गुण-दोष से मिलाकर बनाया है हंस पक्षी जिस प्रकार दूध में निहित पानी को छोड़कर केवल दूध को ही पीता है,उसी प्रकार संतों को दोष को छोडकर गुण को ही अपनाना चाहिए।

पाठ 8 इंटरनेट क्रांति

* इन प्रश्नों का दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए |

1. इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है स्पष्ट कीजिए ?

* इंटरनेट के बिना संचार व सूचना क्षेत्र टप-पड़ जाते हैं।

* इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया के किसी भी जगह पर रकम भेजी जा सकती है।
* घर बैठे बैठे खरीदारी कर सकते हैं, कोई भी बिल भर सकते हैं।
* दुनिया के किसी भी जगह पर कम समय में संदेश, भाव चित्र, स्थिर चित्र, वीडियो चित्र, या ग्रंथालय के पूरी जानकारी देखी जा सकती है।
* बच्चों से लेकर बूढों तक आज खाना पानी की तरह आवश्यक बन गया है।

2. ई -गवर्नेंस के बारे में समझाइए |

ई गवर्नेंस द्वारा सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश आदि को यथावत लोगों को सूचित किया जाता है | इससे प्रशासन पारदर्शी बनता है|

3. संचार और सूचना क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है ?

संचार और सूचना क्षेत्र में इंटरनेट द्वारा पल भर में, ज्यादा खर्च किए बिना कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो, दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है|

4. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?

* इंटरनेट द्वारा घर बैठे- बैठे खरीदारी कर सकते हैं।
* कोई भी बिल भर सकते हैं |
* इससे दुकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच सकता है |
* इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर कितनी भी रकम भेजी जा सकती है |

5. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है कैसे? (अथवा)

सोशल नेटवर्किंग साइट्स का समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

* सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है |
* सोशल नेटवर्किंग ने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है |
* सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स है, जैसे - फेसबुक, ऑरकुट, ट्विटर, लिंकडइन आदि
* इन साइट्स के कारण देश-विदेश के लोगों की रहन - सहन, खान - पान, वेश - भूषा, संस्कृति, कला का प्रभाव तेजी से हमारे समाज पर पड़ रहा है | इस प्रकार सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है |

पाठ 9. ईमानदारों के सम्मेलन में

* इन प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए |

1. लेखक परसाई जी को कहां ठहराया गया ?

लेखक परसाई जी को होटल के एक बड़े कमरे में ठहराया गया |

2. लेखक दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे?

लेखक एक सौ पचास (150) रुपये बचाने के लिए दूसरे दर्जे में सफर करना चाहते थे |

3. हरिशंकर परसाई की सम्मेलन में भाग लेने का कारण क्या है ? (अथवा)
परसाई जी को सम्मेलन में क्यों बुलाया गया था ?
हरिशंकर परसाई जी को देश के प्रसिद्ध ईमानदार समझकर सम्मेलन के उद्घाटन के लिए निमंत्रण भेजा गया था। इसी कारण से परसाई जी ने सम्मेलन में भाग लिया |

4. सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से किन-किन को प्रेरणा मिल सकती थी ?
सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से ईमानदार तथा उदीयमान ईमानदारों को बड़ी प्रेरणा मिल सकती थी |

5. लेखक पहनने के कपड़े कहां दबाकर सो गए ?
लेखक पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर सोए |

6. लेखक ने धूप का चश्मा कहां रखा था ?
लेखक ने धूप का चश्मा टेबल पर रखा था |

7. फूल मालाएँ मिलने पर लेखक क्या सोचने लगे ?
फूल मालाएँ मिलने पर लेखक सोचने लगे कि, अगर आस-पास कोई माली होता तो फूल मालाएँ भी बेच देता|

8. लेखक ने कमरा छोडकर जाने का निर्णय क्यों लिया।
लेखक ने कमरा छोडकर जाने का निर्णय लिया क्यों कि -- लेखक की चप्पलें, चश्मा, बिस्तर, और ताला तक चोरी हो गया था।सोचा कि अगर मैं यहाँ रूका तो मैं भी चुरा लिया जाऊँगा ।

पाठ 11 समय की पहचान

* इन प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए |

1. समय किस का दिया हुआ अनुपम धन है?
समय ईश्वर का दिया हुआ अनुपम धन है |

2. कवि के अनुसार मनुष्य को सुख कब नहीं मिलता ?
कवि के अनुसार मनुष्य को समय नष्ट करने से सुख नहीं मिलता |

3. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?
बहाने बनाने का प्रमुख कारण आलस है |

4. समय के खो जाने से क्या होता है ?
समय के खो जाने से पछताना पड़ता है |

5. समय की पहचान कविता में कवि ने किस पर विश्वास करने को कहा है ?

समय की पहचान कविता में कवि ने अपने आत्मा पर विश्वास करने को कहा है |

* इन प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए |

1. समय का सदुपयोग कैसे कर सकते हैं ? (अथवा)

मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

आलस को छोड़कर, बहाने किए बिना, सही वक्त पर सही काम करके समय का सदुपयोग कर सकते है | इससे मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति संभव है ।

2. समय की पहचान कविता की आशय क्या है ?

* समय अधिक महात्वपूर्ण तथा उपयोगी होता है । .
* समय को जो अपना सच्चा साथी बना लेगा, वह अपने काम में सफल रहेगा ।
* हमें जब भी काम करने की अवसर प्राप्त होता है उसे कभी भी व्यर्थ नही गवाना चाहिए ।

पाठ 13 महिला की साहस गाथा

* इन प्रश्नों का उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए : -

1. बछेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ?

* बछेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी इस प्रकार की ।
* सुबह 4:00 बजे उठ गई, बर्फ पिगलाई और चाय बनाई |
* कुछ बिस्कुट और आधी चॉकलेट खाकर हल्का नाश्ता किया ।
* पश्चात वह लगभग 5:30 बजे अपने तंबू से निकल पड़ी |

2. दक्षिणी शिखर पर चढ़ते समय बचेंद्री के अनुभव के बारे में लिखिए |

* दक्षिण शिखर के ऊपर हवा की गति बढ़ गई थी |
* ऊंचाई पर तेज हवा के झोंके और भुरभुरे बर्फ के कणों को चारों तरफ उड़ा रहे थे |
* जिससे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था उन्होंने देखा कि थोड़ी दूर तक कोई ऊंची चढ़ाई नहीं थी |
* ढलान एकदम सीधी नीची चली गई है । जिससे सांस एकदम रुक सी गई थी|
* उन्हें लगा कि सफलता बहुत नजदीक है |
* 23 मई 1984 को दिन दोपहर के 1:07 पर एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी थी|

3. महिला की साहस गाथा पाठ से क्या संदेश मिलता है?

इस पाठ से हमें साहस गुण, अधिक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना इत्यादि आदर्श गुण सीखते हैं |

इसके साथ-साथ हिमालय की ऊंची चोटियों की जानकारी भी प्राप्त करते हैं|

4. बिछेंद्री का बचपन कैसे बीता ?

* बिछेंद्री को बचपन में रोज 5 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था|

* बाद में पर्वतारोहण प्रशिक्षण के दौरान यह परिश्रम बहुत काम आया|
* सिलाई का काम सीख लिया और सिलाई करके पढ़ने के खर्च जुटाने लगी|
* इस तरह उन्होंने संस्कृत में M.A तथा B.Ed की शिक्षा भी प्राप्त की |

5. एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचकर बिछेंद्री ने क्या किया ?
एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचकर बिछेंद्री ने बर्फ को अपने माथे से लगा कर सागर माथे के ताज का चुंबन किया| दुर्गा माता के भाव चित्र को पूजा करके रूमाल में लपेटकर बर्फ में दबा दिया|

पाठ 14 सूर श्याम

* इन प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए |

1. कृष्ण की शिकायतें किसके प्रति थी ?
कृष्ण की शिकायतें अपने भाई बलराम के प्रति थी ।

2. यशोधा किसकी कसम खाती है ?
यशोधा गोधन की कसम खाती है ।

3. कृष्ण किससे शिकायत करता है ?
कृष्ण अपनी माता से शिकायत करता है ।

4. बाल कृष्ण का रंग कैसा है ?
बाल कृष्ण का रंग काला/श्याम है ।

* इन प्रश्नों का दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए |

1. बाल कृष्ण बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता ? (अथवा)
बाल कृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता था ?
* बालकृष्ण अपनी माता से शिकायत करता है कि बलराम बहुत चिढाता है|
* यशोदा मां ने जन्म नहीं दिया है, बल्कि मोल लिया गया है|
* नंद और यशोदा तो गोरे हैं , कृष्ण काला है ।

2. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?
हे कृष्ण ! सुनो, बलराम जन्म से ही चुगलखोर है | मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूं मैं ही तेरी माता हूं, तुम मेरे पुत्र हो, कहकर गले से लगा लेती है । इस तरह कृष्ण के क्रोध को यशोदा शांत करती है|

3. अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज हैं ?
कृष्णा अपनी माता यशोदा के प्रति नाराज हैं- क्योंकि माँ तुमने केवल मुझे ही मारना सीखा है और भाई पर कभी गुस्सा नहीं करती|

पाठ 15 कर्नाटका संपदा

* निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर 5 या 6 वाक्यों में लिखिए:-

1. भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ?

* कर्नाटक के साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक के कीर्ति को फैलाई है|
* वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे|
* अक्क महादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे अनेक संतों ने अनमोल वचनों द्वारा प्रेम - दया और धर्म की सीख दी है|
* पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गाए हैं|
* पंपा. रन्ना, कुमार व्यास, हरिहर, राघवांक आदि ने महान काव्य की रचना कर कन्नड़ साहित्य तथा संस्कृति को समृद्ध बनाया है|

2. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ?

* प्रकृति माता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सवार कर सुंदर और समृद्ध बनाया है|
* कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है| पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है|
* इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर की चोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं|
* इन्हीं घाटों का कुछ भाग सहयाद्री कहलाता है|
* दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान है|

3. कर्नाटका के शिल्पा कला और वास्तुकला का परिचय दीजिए |

* कर्नाटक राज्य के शिल्पकला अनोखी है|
* बादामी आईहोले, पट्ट्दकल्लू में जो मंदिर है उनकी वास्तुकला और शिल्पकला अद्भुत है|
* बेलूरू, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिर में पत्थर की जो मूर्तियाँ हैं, वे सजीव लगती है।
* श्रवणबेलगोला में 57 फुट ऊंची गोमटेश्वर की एक शिला प्रतिमा है,
* जो दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है|

4. बांध और जलाशयों का क्या उपयोग है ?

कावेरी, कृष्णा, तुंगभद्रा नदियों पर बांध बनाए गए हैं | इनसे हजारो एकड़ जमीन सींची जाती है| और इन नदियों की जलाशयों की सहायता से ऊर्जा उत्पादन केंद्र भी स्थापित किए गए हैं|

5. कर्नाटक के कुछ प्रमुख राजवंशों के नाम बताइए|

कर्नाटक के कुछ प्रमुख राजवंशों के नाम है गंगा, कदंबा, राष्ट्रकूट, चालुक्य, होईसला, वोडेयर आदि|

6. ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में कर्नाटक की देन क्या है ?

सर.सि.वि रामन, सि.एन.आर.राव, सर.एम.विश्वेश्वरय्या, डा. शकुंतला देवी जैसे दिग्गजो ने वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिक क्षेत्र में नारायणमूर्ती ने अपनी महत्तर उपलब्दियों से कर्नाटक को विश्व पटल पर् अंकित किया है ।

पाठ 17 कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती

निम्नलिखित कवितांश को पूर्णा कीजिए।

असफ़लता एक ----------

---------- -भागो तुम।

पूरक वाचन

1. शनि सबसे सुंदर ग्रह

1. शनि ग्रह का निर्माण किस प्रकार हुआ है? (अथवा)
शनि का वायुमंडल किससे बना है?
शनि का निर्माण हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा अमोनिया गैसों से बना है।

2. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन सा है? उसमें शनि ग्रह का स्थान कौन सा है ?
सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति है। उसमें शनि ग्रह का स्थान दूसरा है।

3. शनि किसका पुत्र है? शनैश्चर का अर्थ क्या है ?
शनि सूर्य का पुत्र है। शनैश्चर का अर्थ है - धीमी गति से चलने वाला।

4. शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है कैसे ?
* शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब 10 गुना अधिक दूर है।
* बहुत कम सूर्यताप उस ग्रह तक पहुंचता है।
* वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे 1500° सेंटीग्रेड के आसपास रहता है।
* इसलिए शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है।

5. शनि ग्रह के वलयों के बारे में लिखिए। (अथवा) शनी अत्यंत सुन्दर ग्रह है कैसे ?
शनि को यदि दूरबीन से देखा जाए, तो इस ग्रह के चारों ओर वलय दिखाई देते हैं (गोल)। प्रकृति ने इस तरह शनी के गले में खूबसूरत हार डाल दिए हैं। शनि के इस कंकण ने इस ग्रह को सौरमंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है।

"देश का सबसे अच्छा दिमाग, क्लास रूम की आखरी बैंचों पर मिल सकता है" -कलाम

2.सत्य की महिमा

इन प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्य में लिखिए :-

1. महात्मा गांधी जी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है? (अथवा)
झूठ बोलने से क्या नुकसान होता है ?
* सत्य एक विशाल वृक्ष है उसका जितना आदर किया जाता है उतनी ही फल उसमें लगते हैं|
* सत्य बोलने की आदत बचपन से ही डालनी चाहिए|
* झूठ बोलने वालों से लोगों का विश्वास उठ जाता है|
* उनकी उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं|

2. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?
शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका "सत्यं ब्रूयात प्रियं ब्रूयात न ब्रूयात सत्यम प्रियम" सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे | अप्रिय सत्य को मत बोलो| इस प्रकार समझाया गया है |

3. सत्य क्या होता है ? उसका रूप कैसा होता है ?
सत्य बहुत ही भोला भाला, बहुत ही सीधा साधा है । जो अपनी आंखों से देखा, बिना नमक मिर्च लगाए बोले वही सत्य है | सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है, ज्ञान की प्रतिलिपि है, आत्मा की वाणी है |

अतिरिक्त प्रश्न

एक वाक्य में उत्तर लिखिए. :

1) भारत माता के हाथों में क्या है ?
भारत माता के एक हाथ में न्याय-पताका दूसरे हाथ में ज्ञान - दीप है।

2) भारत के खेत कैसे है ?
भारत के खेत हरे-भरे है।

3) भारत भूमि के अंदर क्या - क्या भरा हुआ है ?
भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है।

4) सुख - संपत्ति, धन - धाम को माँ कैसे बाँट रही है ?
सुख - संपत्ति, धन – धाम को माँ मुक्त - हस्त से बाँट रही है।

5) लेखक चीजें खरीदने कहाँ गये थे ?
लेखक चीजें खरीदने चौके गये थे।

6) लेखक का जी क्यों ललचा उठा ?
गुलाबी रंग के सेब को देखकर जी ललचा उठा।

7) टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है ?
टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है।

8) स्वाद में सेब किससे बढ़कर नहीं है ?
स्वाद में सेब आम से बढ़कर नहीं है।

9) रोज एक सेब खाने से किनकी जरूरत नहीं होगी ?

रोज एक सेब खाने से डॉक्टरों की जरूरत नहीं होगी।

10) गिलहरी का बच्चा कहाँ पडा था ?

गिलहरी का बच्चा गमले और दीवार की संधि में पडा था।

11) लेखिका ने गिल्लू के घावों पर क्या लगाया ?

लेखिका ने गिल्लू के घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया।

12) गिलहरी का लघु गात किसके भीतर बंद रहता था ?

गिलहरी का लघु गात लिफाफे के भीतर बंद रहता था।

13) गिलहरि का प्रिय खाद्य क्या था ?

गिलहरि का प्रिय खाद्य काजू था।

14) लेखिका ने किस कारण से अस्पताल में रहना पडा ?

लेखिका ने मोटर दुर्घटना के कारण से अस्पताल में रहना पडा था।

15) गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था ?

गिलहरी गर्मी के दिनों में सुराही पर लेट जाता था।

16) गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी है ?

गिलहरी की समाधि सोनजुही लता के नीचे बनायी गयी है।

17) मुखिया को किसके समान रहना चाहिए. ?

मुखिया को मुख के समान रहना चाहिए.।

18) दया किसका मूल है ?

दया धर्म का मूल है।

19) पाप का मूल क्या है ?

पाप का मूल अभिमान है।

20) तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी कौन है ?

तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी विद्या, विनय और विवेक है।

21) इंटरनेट का अर्थ क्या है?

इंटरनेट अनगिनित कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है।

22) इंटरनेट बैंकिंग द्वारा क्या भेजा जा सकता है?

इंटरनेट - बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है।

23) समाज के किन क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है?

समाज में चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा आदि क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है।

24) इंटरनेट. -- क्रांति का असर किस पर पडा है?

इंटरनेट का असर बडे-बूढे से लेकर छोटे बच्चों तक सब पर पडा है।

25) लेखक दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ?

लेखक एक सौ पचास रूपये बचाने के लिए दूसरे दर्जे में सफर करना चाहते थे।

26) स्वागत समिति के मंत्री किसको डांटने लगे ?

स्वागत समिति के मंत्री कार्यकर्ताओं को डाँटने लगे।

27) वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा है ?

वर्षों से सक्सेना के परिवार में साधोराम काम कर रहा है।

28) बिछेंद्री को भारतीय पर्वतारोहण संघ ने कौन - सा पदक देकर सम्मान किया ?

बिछेंद्री को भारतीय पर्वतारोहण संघ ने स्वर्ण - पदक देकर सम्मान किया |

29) बिछेंद्री पाल को कौन - सा गौरव प्राप्त हुआ है ?

बिछेंद्री पाल को पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार गौरव प्राप्त हुआ है।

30) बिछेंद्री ने क्या निश्चय किया ?

बिछेंद्री के बड़े भाई को पहाड़ों पर जान अच्छा लगता था।

31) सूर - श्यम पद के रचयिता कौन है ?

सूर - श्यम पद के रचयिता सूरदास है।

32) यशोदा और नंद का रंग कैसा था ?

यशोदा और नंद का रंग गोरा था।

33) बाल कृष्ण का रंग कैसा था ?

बाल कृष्ण का रंग काला था ।

34) कर्नाटक में कौन--कौन से जलप्रपात है ?

कर्नाटक में जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र जलप्रपात आदि है।

35) किस नगर को सिलिकान सिटी कहा जाता है ?

बेंगलूरु नगर को सिलिकान सिटी कहा जाता है।

36) कर्नाटक की दक्षिण दिशा में कौन सी पर्वतमालाएँ शोभायमान है ?

कर्नाटक की दक्षिण दिशा में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान है।

37) किससे डरकर नौका पार नहीं होती ?

लहरों से डरकर नौका कभी पार नहीं होती।

38) किसकी मेहनत बेकार नहीं होती ?

कोशिश करनेवालों की कभी मेहनत बेकार नहीं होती।

II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1) छलनी से क्या - क्या कर सकते है ?

छलनी से दूध और चाय छान सकते है।

2) बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?

बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से इनकार करता है क्योंकि-उसे भीख समझता था। भीख नहीं लेना चाहता था।

3) मुखिया को मुख के समान होना चाहिए। कैसे ?

मुखिया को मुख के समान होना चाहिए क्योंकि मुँह खाने - पीने का काम अकेला करता है, लेकिन वह जो खाता पीता है उससे शरीर के सारे अंगों का पालन-पोषण करता है।तुलसी की राय में मुखिया को भी ऎसे ही विवेकवान होना चाहिए कि वह काम अपनी तरह से करें लेकिन उसका फल सभी में बाँटे।

4) मनुष्या को हंस की तरह क्या करना चाहिए. ?

सृष्टिकर्ता ने इस संसार को जड़, चेतन और गुण--दोष से मिलाकर बनाया है। अर्थात, इस संसार में अच्छे-बुरे समझ - नासमझ के रूप में अनेक गुण - दोष भरे हुए है, लेकिन हंस रूपी साधु लोग पानी रूपी विकारों को छोडकर दूध रूपी अच्छे गुणों को अपनाते है।

5) चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने क्या सुझाव दिया ?

चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने सुझाव दिया की -- "देखिए, चप्पलें एक जगह नहीं उतारना चाहिए। एक चप्पल यहाँ उतारिये, तो दूसरी दस फीट दूर। तब चप्पलें चोरी नहीं होतीं। एक ही जगह जोडी होगी,तो कोई. भी पहन लेगा। मैने ऎसा ही किया था।"

कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए ।	
1. टोमेटो को पहले कोई भी ना पूछता था ।अब टोमेटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है। गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज थी । अमीर लोग तो उसका हलवा ही खाते थे;मगर अब पता चला है कि गाजर में भी बहुत विटामिन है।	ಟೊಮೆಟೊವನ್ನು ಮೊದಲು ಯಾರೂ ಕೇಳುತ್ತಿರಲಿಲ್ಲ ಆದರೆ ಈಗ ಟೊಮೇಟೊ ಭೋಜನದ ಅವಶ್ಯಕ ಅಂಗವಾಗಿದೆ. ಗಜ್ಜರಿಯ ಮೊದಲು ಬಡವರ ಹೊಟ್ಟೆತುಂಬಿಸುವ ವಸ್ತುವಾಗಿತ್ತು ಶ್ರೀಮಂತರು ಕೇವಲ ಅದರ ಹಲ್ವಾ ಮಾತ್ರ ತಿನ್ನುತ್ತಿದ್ದರು ಆದರೆ ಇಂದು ಗಜ್ಜರಿ ಯಲ್ಲಿ ಬಹಳಷ್ಟು ವಿಟಮಿನ್ ಅಂಶವಿದೆ ಎಂದು ತಿಳಿದುಬಂದಿದೆ.
2. गिलहरियों की जीवन की अवधि 2 वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन यात्रा का अंत आ ही गया दिनभर उसने ना कुछ खाया, ना बाहर गया ।	ಅಳಿಲುಗಳ ಜೀವನ ಅವಧಿ 2 ವರ್ಷಕ್ಕಿಂತ ಹೆಚ್ಚಾಗಿರುವುದಿಲ್ಲ. ಹಾಗೂ ಅಳಿಲಿನ ಜೀವನ ಯಾತ್ರೆಯ ಅಂತ್ಯ ಸಮೀಪಿಸಿತು. ದಿನಪೂರ್ತಿ ಅಳಿಲು ಏನನ್ನೂ ತಿನ್ನಲಿಲ್ಲ ಮತ್ತು ಹೊರಗೂ ಹೋಗಲಿಲ್ಲ.
